Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

an>

Title: Regarding Central fund allocated to development of Jalaun Parliamentary Constituency in U.P.

.श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मेरे उत्तर प्रदेश के लोकसभा क्षेत्र जालौन गरोठा में, जो केंद्रीय सरकार द्वारा जो धन उपलब्ध कराया जा रहा है, चाहे वह प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हो, चाहे वह श्रम विकास योजना के तहत हो, चाहे वह राजीव गांधी शत-प्रतिशत विद्युतीकरण योजना के तहत हो, उनमें जो धन लगाया जा रहा है, न तो उसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, विशेा तौर पर वहां के जो क्षेत्रीय विधायक हैं, वहां की रूलिंग पार्टी के जो अध्यक्ष हैं, वे उसका उद्घाटन कर रहे हैं। जबकि केंद्रीयपैसे से होने वाले काम का उद्घाटन सांसद द्वारा कराया जाना चाहिए। राजीव गांधी शत-प्रतिशत विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत जो विद्युतीकरण हो रहा है, उसमें पांच एमबीए की जगह आठ एमबीए का ट्रांसफार्मर रखा गया था। उसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक 28 तारीख को कर रहे थे, मगर हमारे विरोध करने पर यह नहीं हुआ, लेकिन जब मैंने उसका उद्घाटन कर दिया, तो जिले के अधिकारी द्वारा वह पत्थर उखाड़ लिया गया। मैं केंद्र सरकार से मांग करना चाहता हूं, जो केंद्रीय धन है, जो पत्थर मेरे द्वारा लगाया गया था और जिसका प्रचार किया गया था, वह पत्थर हटा लिया गया है। उसकी जांच करायी जाए कि वह पत्थर क्यों हटाया है? उन अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए, जिन अधिकारियों ने पत्थर हटाया है।

MR. CHAIRMAN: Shri Mallikarjunaiah, your matter falls under the jurisdiction of Hon. Speaker. So, you cannot raise it here as per the established precedents.

सभी माननीय सदस्यों से रिक्वेस्ट है कि वे पीएलबी में पहुंचे, कार्यक्रम शुरू हो गया है।

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet tomorrow, the 8th December, 2006 at 11 a.m.

18.53 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

On[r85] Friday, 8th December, 2006/Agrahayana 17, 1928 (Saka).